RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 101 • 23:04:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

हनुमान जयंती पर





## राजस्थान-भीलवाड़ा में मारुति नंदन को लगेगा 3100 किलो काजू कतली का भोग

### 1800 किलो काजू और 1300 किलो शक्कर से तैयार, 21 हजार पैकेट में बांटेंगे नुकती प्रसाद

**भीलवाड़ा (एजेंसी)।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्री राम के दूत हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा। इसके लिए भीलवाड़ा के हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना व आराधना की जाएगी। प्रमुख मंदिरों में बालाजी को स्वर्ण चोला चढ़ाया जाएगा। भीलवाड़ा के प्रमुख मंदिरों में शामिल बालाजी मार्केट स्थित बालाजी मंदिर 31 बोरी शक्कर से मीठी नुकती का प्रसाद तैयार किया जा रहा है, जिसे 21 हजार पैकेट में श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। वहीं संकट मोचन मंदिर में मंदिर प्रशासन की ओर से 3100 किलो काजू कतली भी तैयार की जा रही है। दोनों के लिए बीते 48 घंटों से तैयारी जारी है।

# राजस्थान लोकसभा चुनाव प्रचार के तीन दिन शेष

### बीजेपी लगा रही पूरा जोर, कांग्रेस में प्रियंका-राहुल की जगह अब गहलोत-पायलट और डोटासरा



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान किया जाना है। ऐसे में प्रचार करने के लिए अब तीन दिन का ही समय बचा है। एक तरफ बीजेपी के दिग्गज नेता एक के बाद एक ताबड़तोड़ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस में सोनिया, राहुल, प्रियंका और खरगे की अब कोई सभा प्रस्तावित नजर नहीं आ रही। ऐसे में कमान गहलोत-पायलट और डोटासरा संभाल रहे हैं।

राजस्थान में पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब दूसरे चरण के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण के तहत 13 लोकसभा क्षेत्रों अजमेर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जालौर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, झालावाड़-बारां, राजसमंद, टोंक-सवाई माधोपुर, जोधपुर, कोटा, पाली और उदयपुर में 26 अप्रैल को मतदान होना है। कांग्रेस और भाजपा सहित सभी दलों के प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगा रखा है। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्यादा जोर लगा रहे हैं जबकि कांग्रेस और अन्य दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में होने वाली चुनाव सभाओं में केंद्रीय नेता गायब हैं।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट 14 साल की रेप पीड़िता को दी गर्भ गिराने की इजाजत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का आदेश दिया। इसने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने लड़की की गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और फैसला सुनाया था कि लड़की के लिए हर घंटा महत्वपूर्ण था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल को गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन करने के लिए एक टीम गठित करने का आदेश दिया।



पीठ ने अस्पताल को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि नाबालिग को सुरक्षित रूप से चिकित्सा सुविधा तक ले जाया जाए और महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया का खर्च वहन करने के लिए सहमत हो। बलात्कार पीड़िता की मां ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 2023 के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उन्नत चरण के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। बलात्कार पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी बेटी फरवरी 2023 में लापता हो गई थी और तीन महीने बाद राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के बाद गर्भवती पाई गई थी।

उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और लड़की अपने परिवार के पास लौट आई। 19 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता की मेडिकल जांच का आदेश दिया।

अलीगढ़ में पीएम मोदी बोले-

# अब इनकी नजर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है...

### ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे



**अलीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में जनसभा की। उन्होंने कहा, पिछली बार जब अलीगढ़ आया था, तब अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही।

पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है, वे लोग उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे।

कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है।

आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

### मेरा गरीब भाई ही परिवार

पीएम ने कहा, मेरा गरीब भाई ही परिवार है। मेरा पिछड़ा भाई ही परिवार है। सभी गारंटी का लाभ मध्यम वर्ग के लोगों को भी होता है। इस क्षेत्र को गंगा-यमुना दोनों का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां खेती की ताकत कैसे बढ़े इसके लिए भाजपा काम कर रही है। हमने किसानों के खातों में पैसे भेजे हैं। अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि आलू-प्याज-टमाटर के लिए विशेष क्लस्टर बनाएंगे। इसका सीधा लाभ अलीगढ़ और हाथरस के लोगों को होगा। यह क्षेत्र बृज की दहलीज है। 84 कोस परिक्रमा की धरती है। यहां खेरेश्वर महाराज और नौ देवी सिद्ध पीठ जैसे आस्था स्थल है। यहां तीर्थ यात्रा और पर्यटन के लिए अद्भुत संभावनाएं हैं।

## उप्र, बिहार में हीटवेव चलेगी, राजस्थान के 6 जिलों में यलो अलर्ट

### म.प्र.- छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, राजस्थान,आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है। वहीं राजस्थान के 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। वहीं, कुछ जगह धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 23 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया गया है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रधेश और तेलंगाना शामिल हैं।



# मम्मी-पापा... काश आप दोनों झगड़ा नहीं करते

### 12 साल की बच्ची के सुसाइड के लिए कौन जिम्मेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न जाने कब से यह बात सुनते आ रहे हैं कि बच्चे का दिल किस बात से दुखी हो जाए पता नहीं। बच्चों के सामने कोई बात कहने से पहले भी सोचने की बात बड़े बुजुर्ग की ओर से कही जाती है। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। दस-बारह साल की उम्र में कोई बच्चा तनाव नहीं झेल सकता। वह नहीं जानता कि यह क्या चीज है लेकिन इससे वह परेशान बहुत हो जाता है। एक सवाल से इस उम्र के बच्चों के मन में न जाने कितने सवाल पैदा होते हैं। उन सवालों को कई बार बच्चे जाहिर करते हैं और कई बार खुद ही उनका जवाब खोजने की कोशिश करते हैं। इन सवालों के बीच कई बार वह कुछ ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ उनकी नहीं होती। जो बच्चे हमारे लिए जान से अधिक प्यारे होते हैं, उनके लिए हम क्यों नहीं सोचते कि हमारा एक गलत कदम बहुत कुछ बिगाड़ सकता है। 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड का ऐसा मामला सामने आया जिसके बाद कई सवाल हैं। महज 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड करने का मामला पुलिस के पास आया है। मामला राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके का है। दावा किया जा रहा है कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है।



लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला

## सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

**सूरत (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी।



इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को 7 निर्दलीय कैंडिडेट ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

**कांग्रेस बोली- कानूनी लड़ाई लड़ेंगे-** गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है ।

## मालदीव में भारत विरोधी मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

- 86 सीटों के नतीजे आए, इनमें 66 सीटें चीन समर्थक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस को

**माले (एजेंसी)।** मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी संसदीय चुनाव में जीत की तरफ बढ़ रही है। शुरुआती रुझानों में कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में अब तक 86 सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें से 66 सीटों पर मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस जीती है। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा।

# कर्नाटक में जबरन धर्म परिवर्तन के लिए महिला से रेप

### तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करता था मुस्लिम दंपति; बुर्का पहनने, नमाज पढ़ने को मजबूर किया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में धर्म परिवर्तन करने को मजबूर करने के लिए रेप का मामला सामने आया है। 28 साल की एक महिला ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया और उसकी तस्वीरें लीं।

इसके बाद इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर उसे इस्लाम कबूल करने के लिए ब्लैकमेल किया। महिला ने कहा कि दंपति ने उसे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत 7 लोगों पर एफआईआर की है।

- 2023 में दंपति के साथ रहने आई थी महिला, तब रेप हुआ

पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी के कहने पर महिला 2023 में उनके घर में रहने आई। तब दोनों ने उससे कहा कि वे जो भी कहेंगे उसे करना होगा। जब तीनों साथ रहते थे, तो पिछले साल रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने बताया कि इस साल अप्रैल में दंपति ने महिला को बुर्का पहनने, कुमकुम न लगाने और दिन में पांच वक्त की नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला का कहना है कि दंपति ने उसके लिए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और कहा कि वह पिछड़ी जाति से है इसलिए उसे इस्लाम कबूल करना होगा।

छत्तीसगढ़-कांकेर में अमित शाह बोले-

## मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

- मनमोहन सिंह ने कहा था संसाधन पर पहला हक माइनॉरिटी का

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनॉरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है।



मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। क्यों करना है इस सर्वे को? अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही।

## संक्षिप्त समाचार

### रमपुरवा में बीच सड़क पर नाले का स्लैब टूटने से राहगीर हो रहे चोटिल



**आपको बता दे कि गड्ढा सड़क के बीचों बीच है जिसको अगर समय रहते ठीक नहीं किया गया तो लापरवाही की वजह से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है लोगों के अनुसार चार माह से टूटा है नाले का स्लैब जिसकी वज़ह से आक्रोशित है ग्रामीण।**

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़।** इनरवा के मुख्य पथ रमपुरवा गांव में सड़क के बीचों बीच नाला का स्लैब चार महिना से टूट हुआ है. इससे रोजाना रात में बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं. मुख्य सड़क पर छह से आठ फीट चौड़ा होल का होना वाहनों के लिए अक्सर खतरनाक साबित होता है. रात की वजह से नाला का लंबा गड्ढा नही दिखाई देने की वजह से हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है.ऐसे में नाला का बनाना जरूरी है. मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा निवासी रोहित कुमार, उमेश यादव, धर्मेश कुमार, दिनेश यादव, अमित राज, बबलू यादव, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, अखिलेश प्रसाद, संतोष यादव, शेखर प्रसाद, गोविंद कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए हुए बताया की इस मुख्य सड़क से आठ पंचायतों का आवागमन होता है। मुख्य सड़क नाला का स्लैप टूटने से ग्रामीणों ने जताया आक्रोश. मैनाटांड़ मुख्यालय, अस्पताल, अंचल, बेतिया मुख्यालय आदि जगहों पर जाने के लिए मात्र एक ही रास्ता है. जो इनरवा मैनाटांड़ के मुख्य सड़क के बीच में नाला का स्लैब टूट कर छह से आठ फीट लंबा होल हो गया है. ग्रामीणों ने बताया की नाला वार्ड सदस्य के मध्यम से बनाया गया है. जो मुख्य सड़क के बीच में है. विगत चार माह से टूटा हुआ है. अब तक कई बाइक चालक गिर कर घायल हो चुके हैं।

### बसंतपुर में पड़ोसी ने कि चोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़** ।मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के शेखवा बसंतपुर गाँव में एक महिला जो 20 अप्रैल को अपने बेटी के घर शादी में गई थी। तभी पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने मौके का फायदा उठा कर देर रात्रि को घर में घुस कर आभूषण और बीस हजार रुपया नगद एवम दो चेक बुक चुरा लिया। शादी से जब महिला वापस आई तो हो हल्ला करने लगी जिसके बाद मैनाटांड़ थाना में मिशरूम खातून पिता स्व० शेख सफ़ी अहमद आवेदन देकर जाँच करने को कहा। मैनाटांड़ थाना अध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया की आवेदन के आधार पर जाँच पड़ताल करने पर शेखवा बसंतपुर गाँव निवासी संतरेज़ आलम से दो चेक बुक और 10 हजार रुपया नगद बरामद किया गया है।जिसके बाद कांड स० 68/24 प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आतिशबाजी के चिंगारी से लगी आग,चार झोपड़ियां जलकर नष्ट
#### रतननमाला के वार्ड 15 की घटना

**चाणक्य भूमि (कनकलता)बेतिया।**आतिशबाजी में हुई अगलगी में रतनमाला पंचायत के वार्ड 15 में बिहारी महतो का चार घर धु धु कर जल गया।ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।जानकारी पंचायत के मुखिया निर्मला देवी ने दी।उन्होंने बताया कि घटना की सूचना सीओ मझौलिया को भेजी गयी है।उल्लेखनीय है कि अगलगी में अनाज ,चावल,गेंहू कपड़ा व आभूषण जलकर नष्ट हो गया।बताया गया है कि गावं में बारात आयी थी,इसी में आतिशबाजी की जा रही थी,तभी चिंगारी झोपड़ी पर गिरी।देखते देखते चारो झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गया।पीड़ित व्यक्ति स्व.शंकर महतो का पुत्र बताया गया है।आशियाना के जल जाने से बेघर हो गये है पीड़ित।

### आग का कहर जारी तीन लोगों का घर जलकर हुआ राख

**चाणक्य भूमि बैरिया।** बैरिया अंचल क्षेत्र में बैरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के टांड टोला में आग लगने से तीन लोगों का घर जलकर राख हो गया है। बताया जाता है कि आग लगने से पेटी,बकवास,अनाज 15 हजार नगद व एक बकरी समेत सब कुछ जलकर राख हो गई। आग लगने से वार्ड नंबर 10 निवासी हीरा मुखिया,बिंदा मुखिया व प्रमोद मुखिया का घर जलकर राख हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आग हीरा मुखिया के घर से आग की लपटे निकली देखते ही देखते आग विकराल कर रूप धारण कर लिया ग्रामीण कुछ समझ पाते तब-तक सभी संपत्ति जलकर राख हो गई है। अग्नि पीड़ितों ने अंचल प्रशासन से सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### तपती धूप में अग्नि पीड़ित खुले अशमान के निचे रहने को विवश

**चाणक्य भूमि बैरिया।** बैरिया अंचल क्षेत्र के दक्षिण पटजिरवा पंचायत के वार्ड नंबर 12 व 13 में रविवार के दिन आग लगने से पांच दर्जन से ज्यादा घर जलकर राख हो गये। इस अगलगी में सभी संपत्ति जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। जानकारी के अनुसार आग लगने से तीन बकरी व एक गाय के झूलने से भी मौत हो गई है। इधर आगे ने इन लोगों पर कहर बरपाया,तो दूसरी तरफ खुली आसमान के निचे तपती धूप में चादर तानकर रहने को विवस है।

### पुलिस हाजत में महिला की मौत मामला संदिग्ध

**बेतिया।** आखिर हाजत के बदले उसे पुलिस बैरक में क्यूँ रखा गया था यह जाँच का विषय है आखिर मुजरिम अगर बाहर था तो सुरक्षाकर्मी क्यूँ नहीं थे चाणक्य भूमि संवाद सूत्र। शिकारपूर थाना में गिरफ्तार महिला द्वारा आत्महत्या करने की खबर है परंतु खबर संदिग्ध प्रतीत होती है कि आखिर गिरफ्तारी के बाद किस वजह से महिला को हाजत के बदले रूम में रखा गया जहां उसने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि दहेज हत्या के आरोप में महिला को पुलिस ने रविवार की रात को गिरफ्तार किया था। इसके बाद थाना में मौजूद हाजत की जगह उसे ऊपरी मंजिल के महिला बैरक में रखा गया। जहां पर महिला ने पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृत महिला शिकारपुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी महेन्द्र साह की की पत्नी सांभा देवी है जो अपनी बहु अंतिमा कुमारी की हत्या के जुर्म में गिरफ्तार हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने अपने ऊपर लगाये गये गलत आरोप की वजह से आत्महत्या कर ली। इस आत्महत्या में प्रशासन की भी अनदेखी से इंकार नहीं किया जा सकता हालाँकि अभी प्रशासनिक अधिकारी कुछ नहीं कह रहे परंतु इस आत्महत्या की बड़ी वज़ह पुलिस की चूक रही है।

# इंडी गठबंधन के खिलाफ बीजेपी ने जारी किया आरोप पत्र

## सम्राट बोले- आरजेडी शासनकाल में घोटालों की सीरीज बन गई थी

**एजेंसी, पटना।**

बीजेपी ने इंडी गठबंधन के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस और लालू परिवार जमकर निशाना साधा है।

**बिहार में घोटालों की सीरीज बन गई थी:** सम्राट चौधरी ने कहा कि जब बिहार में आरजेडी की सरकार थी तो कभी चार खा गए। तो कभी अलकतरा पी गए। लालू यादव का जीवन सिर्फ परिवार के लिए समर्पित है। कभी गरीबों की चिंता नहीं की। आरजेडी शासनकाल में बिहार में घोटालों की सीरीज बन गई थी। एनडीए के साथियों ने जो प्रमाण दिया, उससे स्पष्ट था कि लालू जी ने भ्रष्टाचार और घोटाला किया। ठगबंधन के पापा(कांग्रेस) को पूरी डिटेल में हमलोगों ने बताने का काम किया है।

**तेजस्वी ने अपने विभाग ने नौकरी नहीं दी:** तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू के युवराज जिस विभाग में रहे एक भी नौकरी नहीं दी। 2020 में हमलोगों ने पॉलिसी बनाया था। 10 लाख सरकारी नौकरी नौजवानों तक पहुंचाने का। उसको हमलोग पूरा भी कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार लगातार इस पर चर्चा कर रहे हैं।



**कोयला और 2G घोटाला हुआ:** आपने देखा होगा कि कई संगठनों ने घोषणा पत्र जारी किया। कुछ लाल झंडे के लोगों ने तो यहां तक कहा कि जो परमाणु हथियार हमारे पास हैं। जब हमारी सरकार बनेगी तो हम इसको समुद्र में डाल देंगे। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस पार्टी ने 55 साल इस देश में राज किया। कैसे कोयला और 2G घोटाला हुआ।

**कांग्रेस सरकार में दंगे हुए:** देश में 1983 और 1984 में दंगे हुए थे। जिसमें पूरी तरह कांग्रेस का हाथ रहा। बिहार के भागलपुर में 1989 में दंगा हुआ। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। एनडीए की सरकार बनी तो दोषियों को सजा देने का काम किया गया, जबकि पीड़ितों को मुआवजा दिया गया।

**जनता सब समझ चुकी है:** किस तरह से इनलोगों ने अत्याचार

**लालू के युवराज ने एक भी नौकरी नहीं दी**

और भ्रष्टाचार किया है। जनता सब समझ चुकी है। 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। बिहार जैसे राज्य को सिर्फ 7000 करोड़ रुपए मिला। एनडीए की सरकार में आज बजट का लगभग 80% राशि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देने का काम किया है।

**विपक्ष पर करारा हमला बोला:** सम्राट चौधरी ने कहा कि ठगबंधन 2024 का चुनाव हारेगा। पहले फेज के चारों सीटों पर एनडीए की जीत बड़े अंतर से होगी। 40 में चार सीट अभी सिर्फ ट्रेलर है। हमलोग सभी 40 सीटों पर बिहार में जीतकर मोदी की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर पटना सिटी से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र संसदीय सीट से प्रत्याशी रामकृपाल यादव समेत बीजेपी के कई नेता मौजूद थे।

# BPSC TRE 3: 5 आरोपियों को सिविल कोर्ट में किया पेश

**एजेंसी, पटना।**




BPSC शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार पांचों मुख्य आरोपियों को सिविल कोर्ट में पेश किया गया। यहां से ईओयू इन्हें रिमांड पर लेगी। इसके बाद पेपर लीक केस से जुड़े कई अहम पहलुओं पर पूछताछ होगी।

**उज्जैन से हुई गिरफ्तारी:** दो दिन पहले बिहार पुलिस ने उज्जैन से एमपी पुलिस की सहयोग से पांचों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक युवती भी शामिल है। सभी को उज्जैन से रविवार देर शाम पटना लाया गया था। इससे पहले 14 मार्च को पटना के करबिगहिया इलाके के होटल से गिरोह के एक सदस्य की गिरफ्तारी हुई थी।

**पूछताछ में अहम खुलासे हो सकते हैं:** परीक्षा के दिन 15 मार्च की सुबह हजारीबाग में छापेमारी के दौरान पांचों मुख्य आरोपी भागने में कैसे सफल हुए थे। इनलोगों का मुख्य काम क्या है। क्या इससे पहले भी इस तरह की परीक्षाओं में धांधली कर चुके हैं। पूछताछ में इन बातों का खुलासा हो सकता है।

**पेपर लीक की वजह से 15 मार्च की परीक्षा हुई थी रद्द:** बता दें, पेपर लीक की वजह से आयोग (BPSC) ने 15 मार्च की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था।

**रिमांड पर लेकर ईओयू करेगी पूछताछ, एमपी के उज्जैन से हुई थी गिरफ्तारी**

जबकि, 5 अप्रैल को होनी वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-3) को भी स्थगित कर दिया गया था। नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

**BPSC शिक्षक भर्ती का पेपर लीक,10-15 लाख में डील:** बिहार में पेपर सॉल्वर गैंग के अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आर्थिक अपराध ईकाई (EOU), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में सॉल्वर गैंग नेटवर्क के लगभग 300 अभ्यर्थियों और संगठित गिरोह को पकड़ा था। ये सभी कैंडिडेट BPSC की ओर से आयोजित बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (TRE) -3 के एग्जाम में शामिल होने वाले थे।

# पटना सिटी में दिनदहाड़े 6.93 लाख की लूट

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के बाइपास थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हथियार के बल पर अमेजन कंपनी के स्टाफ से 6 लाख 93 हजार रुपए की लूट हुई है। वारदात के बाद बाइक सवार 4 अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी का स्टाफ विवेक कुमार एक बैग में 6 लाख 93 हजार रुपए लेकर बैंक जमा कराने जा रहा था। ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार 4 अपराधियों ने गन पॉइंट पर रुपयों से भरा बैग छीन लिया। घटना के बाद विवेक ने इसकी सूचना बाइपास थाने को दी।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि कंपनी के स्टाफ से लूट हुई है। मामले की



**बैंक जाते समय कंपनी के स्टाफ से बैग छीना, गन पॉइंट पर अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम**

छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

# PMCH कैंपस में दो महीने में दूसरी बार लगी आग

## डीएम के निर्देशों का नहीं हुआ अनुपालन, फायर सेफ्टी बाल्टी में सिगरेट के टुकड़े मिले

**एजेंसी, पटना।**

पीएमसीएच परिसर में सोमवार की सुबह दूसरी बार आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की बड़ी और छोटी गाड़ी पहुंची थी। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि पीएमसीएच इमरजेंसी के पीछे आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी और टीम पहुंची हुई है। डीजी रूम में शॉट सर्किट की वजह से आग लगी थी। किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। इस मामले में पटना के डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

**दूसरी बार लगी आग:** बीते 14 फरवरी 2024 को भी पीएमसीएच के सर्जिकल स्टोर में आग लगी थी। जिसके बाद पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने इस घटना के बाद मीडिया से जानकारी दी थी कि आगे से ऐसी घटना पीएमसीएच में नहीं हो। इस संदर्भ में सुप्रीटेंडेंट साहब को भी



निर्देश दिया गया है। फायर ऑडिट भी हमारे कमांडेंट साहब करेंगे। जो कमियां हैं, उसे दूर की जाएगी। लेकिन डीएम शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा दिए हुए निर्देश का भी सही ढंग से पालन नहीं हुआ। महज दो महीने में ही दो बार आग लग गई।

**कवरेज करने आए पत्रकारों के साथ बदसलूकी:** आग लगने वाली जगह से कुछ दूरी पर हटकर पत्रकार कवरेज कर रहे थे। यह बात पीएमसीएच के एक्सटेंस प्राप्त अधीक्षक डॉक्टर आई एस ठाकुर को नागवार गुजरा। उनके द्वारा पत्रकारों को पहले वहां से हटाने को कहा गया। जिसके बाद मौजूद निजी गार्ड बदसलूकी पर उतर आए। पत्रकारों को पीछे हटाने लगें। वहां पीरबहोर के थानाध्यक्ष अब्दुल हलीम भी मौजूद थे। पत्रकारों ने उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया। लेकिन वो मूकदर्शक बने रहे। बाद में पत्रकार जैसे तैसे कवरेज कर के निकल गए।

**फायर सेफ्टी बाल्टी में सिगरेट के टुकड़े:** आग लगने के बाद बुझाने के उपयोग में आने वाली फायर सेफ्टी बाल्टी में घटनास्थल पर सिगरेट के टुकड़े पड़े हुए थे। जिस बाल्टी में सेफ्टी के लिहाज से अग्निशमन की सामग्री होनी चाहिए। उसमें सिगरेट के छोटे छोटे टुकड़े पड़े थे। अंदर से रूम बिल्कुल खंडहर जैसा हो गया था। केवल गंदगी ही थी। गौरतलब है कि अगर पीएमसीएच लापरवाही नहीं बरतता। पटना डीएम के आदेशों का अनुपालन हुआ होता तो आज महज दो महीने के बाद ही दूसरी बार आग कैंपस में नहीं लगती।

**टीम गठित कर जांच के आदेश:** पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने दैनिक भास्कर की खबर पर संज्ञान लिया है। उन्होंने टीम गठित कर के जांच करने का निर्देश दिया है। एडीएम आपदा, एसडीओ सदर, डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर, पेसू के जीएम को जांच करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने बार बार हो रही इस तरह की घटना पर चिंता जाहिर की है और इसमें स्वास्थ्य कर्मियों की भी लापरवाही सामने आएगी तो विभाग को प्रतिवेदित करेंगे। मीडिया कवरेज करने के दौरान बदसलूकी की भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

## पटना के 69 स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने का आदेश

# भारत सरकार के गाइडलाइन का नहीं कर रहे थे पालन, DM ने की कार्रवाई

**एजेंसी, पटना।**

पटना के DM शीर्षत कपिल अशोक ने जिले के 69 स्वास्थ्य संस्थान को बंद करने का आदेश दिया है। इन संस्थानों को भारत सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई है। पटना जिले में टीम लगातार दवा दुकानों की जांच करेगी। पटना के DM ने बताया कि यह कार्रवाई जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बारे में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से पत्र प्राप्त हुआ था। इन मामलों की निगरानी NGT नई दिल्ली पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा भी की जा रही है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016



के प्रावधानों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारीयों को इसका लगातार पर्यवेक्षण करने का आदेश जारी किया गया है।

**क्या है जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016:** जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन

**यह कार्रवाई जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ की गई**

नियम 2016 भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का एक सेट है, जिसमें पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा उत्पन्न किए गए बायोमेडिकल कचरे के संग्रह, अलग करना, उसका प्रबंधन और निपटान को बढ़ाने पर ध्यान दिलाना है। बायोमेडिकल कचरे में पशु और मानव शारीरिक अपशिष्ट, सर्जिकल उपकरण जैसे सीरींज और अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री शामिल हैं।

## पटना समेत 13 जिलों में लू का अलर्ट

# सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बाहर ना निकलने की एडवाइजरी

**एजेंसी, पटना।**

पटना समेत बिहार के अधिकतर जिले भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग की ओर से 22 से 24 अप्रैल तक पटना, बांका, शेखपुरा और जमुई जिले में लू यानी हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अरवल, बक्सर, भोजपुर, जहानाबाद, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नवादा और गया जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि दिन के 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक घर से बाहर बेहद जरूरी काम होने पर ही निकलें। वहीं राजस्थान से आ रही शुष्क गर्म उत्तरी-पछुआ हवा, चिलचिलाती धूप और लगातार वायुमंडल में हो रही आर्द्रता की कमी की वजह से पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है।



**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम:** मौसम विभाग के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम पारा 41 से 43 डिग्री तक रह सकता है। अगले 24 घंटों के दौरान बक्सर से भागलपुर तक दिन के समय सतही गर्म हवा की रफ्तार 10 से 20 किलोमीटर तथा झोंके के साथ हवा की रफ्तार 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। 26 अप्रैल को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका असर 29-30 अप्रैल से होने की उम्मीद है।

# विजय सिन्हा बोले-आतंकी, उग्रवादी, भ्रष्टाचारियों के यार हैं तेजस्वी

## लालू-राबड़ी ने बिहार को बर्बाद किया, आरजेडी ने पूछा- प्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं या पार्टी प्रवक्ता

**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव के साथ ही बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी हमला तेज हो गया है। जांच एजेंसियों को बीजेपी का जमाई बताने पर विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला है। सूबे के डिप्टी सीएम ने तेजस्वी को आतंकी, उग्रवादी और भ्रष्टाचारियों का यार बताया है। सोमवार को पटना एयरपोर्ट पर वो मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस भाषा प्रयोग कर रहे हैं। यह राजनीति का दुर्भाग्य है। CBI, ED और IT को भाजपा के जमाई कह रहे हैं। यह संविधान हमारी माता के रूप में है। संवैधानिक संस्थाएं मां के बेटे हैं। अगर जो इस पर मजाक कर रहे है और इस तरह की शब्दों का इस्तेमाल कर रहा है वो अपनी गिरी मानसिकता बता रहा है।

**लालू-राबड़ी के किए काम ने बिहार को बर्बाद किया:** इसके साथ ही डिप्टी सीएम ने कहा कि लालू-राबड़ी के किए काम ने बिहार को बर्बाद किया है। बिहार की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम किया। लालू के परिवारवाद पर कहा कि अब बिहार में यह पारिवारिक भ्रष्टाचारी पर्यावरण की जिम्मेदारी नहीं चलेगी। लोकतंत्र की जननी भूमि है .जनता के विश्वास जीतकर आएगा।

**तेजस्वी ने कहा था- भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआई:**



रविवार को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में तेजस्वी यादव ने कहा था कि हम सब मिलकर देश में चल रही तानाशाही को देश से उखाड़कर फेंकने का काम करेंगे। आज दो कुर्सियां खाली है। झारखंड और दिल्ली में अच्छा काम चल रहा था। लेकिन मोदीजी को ये पचा नहीं। जांच एजेंसी पार्टी के सेल हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआई। भाई हेमंत सोरेन जी को जेल में डाल दिया। केजरीवाल जी को जेल में डाला गया। मेरे पिता को भी जेल भेजा गया। हम पर केस मुकदमा किया गया। लेकिन हमारा गठबंधन का कोई नेता बीजेपी की गीदड़ भभकी से नहीं डरने वाले है।

**इनकी भाषा इनकी पार्टी को लज्जित करनेवाली-आरजेडी:** विजय सिन्हा के बयान पर राजद ने पलटवार किया है। आरजेडी के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा आप जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के द्वारा कही गई या बातें कहीं से भी उचित नहीं है। आप जब तेजस्वी यादव के प्रति ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो आम लोगों के लिए आप किस तरीके का भाषा का इस्तेमाल करते होंगे। भारतीय जनता पार्टी को प्रथम चरण की मतदान के बाद यह समझ में आ गया है कि देश की जनता अब मुद्दों पर सवाल कर रही है। जनता के बीच महंगाई बेरोजगारी का मुद्दा नहीं जाए इसलिए आप इस तरीके का भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। आपको यह बात समझ में नहीं आ रही है कि आप बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं या पार्टी के प्रवक्ता है। आप ऐसी भाषा का इस्तेमाल करके अपने आप को और अपनी पार्टी को लज्जित कर रहे हैं।

# किसी भी सूरत में मतदान बाधित नहीं हो: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

चाण्क्य भूमि(कनकलता)




**बेतिया**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में सोमबार को समाहरणालय कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी,नोडल पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डिस्पैच सेन्टर, पोलिंग स्टेशन, भेद्यता मानचित्रण, मतदाता सूची विखंडिकरण, रेंडमाईजेशन, पोस्टल बैलेट्स, ईवीएम स्ट्रॉग रूम आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। डिस्पैच सेन्टर आदि की तैयारी की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेतिया को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करते हुए डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केन्द्र, रिसिविंग सेन्टर के कार्यों को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मतगणना केन्द्रों में बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट सहित अन्य व्यवस्थाएं ससमय करायेंगे। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को प्रथम रैंडमाइजेशन के पश्चात ईवीएम को डिस्पैच सेंटर अवस्थित स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा, उसके पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्रान्तर्गत निर्वाचन संबंधित सभी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे तथा ससमय कार्यों को निष्पादित करायेंगे। सभी व्यवस्थाएं समय पर अपडेट करा लेंगे। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि सभी टीम को कार्य पर लगाते हुए तीव्र गति से मतदान केन्द्र, डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केन्द्र आदि जगहों पर पेयजल आदि की व्यवस्था समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया गया कि मतगणना केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी क्षेत्रान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित हो लेंगे कि मतदान कर्मियों के लिए फर्निचर की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार इमरजेंसी लाईट, रसोईयां की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठक करेंगे और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्वाचन कार्यों को तीव्र गति से निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड को पंचायत वाइज बांटकर नियमित रूप से निर्वाचन कार्यों को अनुश्रवण करेंगे। मतदाता पर्ची, ईपिक का वितरण समय पर करा लेंगे। मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र से संबंधित जानकारी का दीवाल लेखन करा लेंगे। मतदान केन्द्रों पर शेड, शौचालय, चापाकल, व्हील

### • समीक्षा बैठक में हर मुद्दों पर हुई चर्चा

चेयर, रैम्प, बिजली आदि व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों पर पुनः भौतिक सत्यापन स्वयं कर लेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंडस्तर पर वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। प्रखंडस्तर पर वाहनों को रिजर्व में भी रखा जाय ताकि आवश्यकानुसार उपयोग किया जा सके। वाहनों का अधिग्रहण, ईधन आपूर्ति, लॉगबुक संधारण, भुगतान आदि की व्यवस्था निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुनिश्चित की जाय। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र में छोटे वाहनों का सर्वे करा लें और अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में मतदान बाधित नहीं होना चाहिए, इस हेतु सभी तैयारियां अपडेट रखेंगे। पर्दानशीं महिलाओं की जांच हेतु सेविकाओं की प्रतिनियुक्ति, मतदाताओं को पंक्तिबद्ध करने के लिए होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य कार्य समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि चिन्हित मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जानी है। संबंधित वेंडर वेबकास्टिंग के सफल संचालन के लिए दक्ष कर्मियों की व्यवस्था करेंगे। ऐसे कर्मियों को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराया जाय। इनके पास 04 घंटे का बैकअप भी होना जरूरी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों तक जाने वाले क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत मोटरेबल कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा बैठक उपस्थित पीआरएस, पीटीए, टीए, जेई मनरेगा को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन के सफल संचालन में सभी की सहभागिता आवश्यक है। निर्वाचन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। वाहनों का अधिग्रहण करेंगे। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग करेंगे। टीम वर्क के साथ कार्य करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समीक्षा के क्रम में एसीएमओ द्वारा बताया गया कि मतदान कर्मियों को दिये जाने वाले सामग्रियों में एक मेडिकल कीट को भी रखा जायेगा जिसमें 14 प्रकार की दवाओं का संग्रह होगा। इसके साथ ही डिस्पैच सेन्टर पर एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम रहेगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आशा कर्मी ओआरएस पैकेट सहित अन्य आवश्यक दवाईयों के साथ उपलब्ध रहेंगी। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर लिया गया है और यह पूरी तरह क्रियाशील होकर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, श्री रामानुज प्रसाद, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, शंभु कुमार, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, एसडीएम, नरकटियागंज, श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता, वरीय उप समाहर्ता, विपिन कुमार यादव, एस0 प्रतीक, श्रीमती बेबी कुमारी, श्रीमती रोचना माद्री, कमलाकांत त्रिवेदी, जिला परिवहन पदाधिकारी, ललन प्रसाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, यशलोक रंजन, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक बार फिर VTR के जटाशंकर जंगल में लगी आग

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



एक ओर पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वीटीआर के जंगल लगातार जल रहे हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही वीटीआर में जंगलों की आग भड़कने लगी है। जानकारी के मुताबिक अब तक एक दर्जन से अधिक घटनाएं जंगल में आग लगने की हो चुकी हैं।वीटीआर के जंगल धधक रहे हैं। सखुआ के पत्ते आग में घी का काम कर रहे हैं। हवा से आग बड़े क्षेत्र में फैल रही है। अंदेशा है कि अराजक तत्व जंगलो में आग लगा रहे हैं। वहीं सोमवार की दोपहर जटाशंकर जंगल में आग धधकने लगा। सूचना के बाद फायर वाचर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग पर काबू किया। इसके अलावा भी छिटपुट जंगल आग की चपेट में हैं। सूचना के बाद वन विभाग आग बुझाने में जुटा रहा, लेकिन एक बार बुझाने के बाद दोबारा जंगलों में आग लग रही है।रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि जंगलों की आग बुझा दी गई है। विभाग जंगल की आग पर नजर बनाए हुए है। विभाग जंगल की आग पर नजर बनाए हुए है।जंगल में लगी आग को कंट्रोल करने वन अफसरों के अलावा निचले स्तर के वनकर्मी अलर्ट मोड पर हैं। सेटेलाइट से जंगल में कहीं भी आग लगने की जानकारी मिलती है, वन अफसरों के अलावा वनकर्मी फायर वाचर की मदद से आग पर काबू पाने तत्काल मौके पर रवाना किए जाते हैं। फायर वाचर ने बताया कि इस बार अगलगी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में आधी से भी कम संख्या में हैं। जंगल में लगी आग पर काबू पाने ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ उन्हें जंगल में आग लगने की स्थिति में तत्काल जानकारी वन विभाग को देने प्रेरित किया जा रहा है।

## पृथ्वी दिवस के अवसर पर साईकिल मार्च का आयोजन

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



वाल्मीकिनगर के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सोमवार को प्रकाश ईकोलॉजिकल ग्रीनवे संस्था के प्रकृति प्रेमी मनोज कुमार के नेतृत्व में पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।जिसका विषय-वस्तु प्लैनेट एवं प्लास्टिक था। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विद्यालय एवं ईको पार्क में संपन्न हुआ, जहां विषय वस्तु के साथ साथ पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही उनके कर कमलों से काली मंदिर परिसर में अवस्थित स्वाधीनता सेनानी सशस्त्र बल स्मृति उद्यान, ईको पार्क एवं कौलेश्वर झूला पुल में बरगद,नीम, नागेश्वर चंपा,फाइकस आदि पौधों का रोपण हुआ। प्रातः काल में पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों ने साइकिल मार्च के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संगोष्ठी के आयोजनकर्ताओं ने भी अपने सारगर्भित उद्गार को रखा। बता दें कि

### • साइकिल मार्च निकाल छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर भारत नेपाल भाईचारे को बढ़ावा देने हेतु त्रिवेणी अवस्थित गजेन्द्र मोक्ष दिव्य धाम पीठाधीश्वर स्वामी कमलनयन आचार्य को नागेश्वर चंपा भेंट किया गया। पीठाधीश्वर कमलनयन सरकार ने पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने का एकमात्र उपाय पौधा रोपण बताया। इस अवसर पर वनरक्षी भोला प्रसाद,,मनीष सरकार, अनुराग राम, प्रेम कुमार, संजय कुमार, राजकुमार सहित वन विभाग के अन्य नेचर गाइड उपस्थित रहे।

## केविके माधोपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयो

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



### • महिलाओं ने सीखा आमचूर बनाने का तरीका

**बेतिया**। सोमबार को केविके माधोपुर में गृहणियों ने टिकोरे से आमचूर बनाने की विधि सीखा।गृह विज्ञान की विशेषज्ञ डॉ.रीता देवी ने बताया कि अभी गर्मियों का मौसम चल रहा है, आम के बागों में टिकोरे लग गए हैं। गर्म हवा के झोका से तथा अन्य कारणों से अधिक मात्रा में टिकोरे जमीन पर गिर जाते हैं और उपयोग न होने पर खराब हो जाते हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान भी होता है।उन्होंने कहा कि इसका सदुपयोग किसान कर सकते हैं जिससे कि यह नुकसान को अतिरिक्त आय में बदल सकते हैं। डॉ.रीता देवी ने बताया कि आम की ताजी गिरी हुई केरियों/टिकोरे को सावधानीपूर्वक बाग से चुनकर पानी से अच्छी तरह से धो लें, पानी सूख जाए तो साफ हाथों में इन केरियों को छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें और सोलर ड्रायर का इस्तेमाल करते हुए इन आमों को सुखा लें। आम के टिकोरों को धूप में भी सुखा सकते हैं लेकिन अभी के समय में तेज चल रही हवाओं में अधिक मात्रा में धूल के कण होने से उत्पाद के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। सोलर ड्रायर में कच्चे आम के टुकड़े 2 से 3 दिनों में सूख जाते हैं। भली भांति सूख जाने पर इन आमों को मिक्सी में बारीक पीसकर पाउडर बना लें, ये आमचूर को अच्छी पैकिंग (एयर टाइट बैग में)करके मार्केटिंग की जा सकती है। आमचूर का इस्तेमाल भारतीय व्यंजनों अमूमन सांभर, दाल, छोले, आचार तथा मांसाहारी भोजन में भी किया जाता है। इसके अलावा आम की सुखी फाकों को खटाई के रूप में भी उपयोग किया जाता है, भरवां लाल मिर्च के लिए मसाले भी इसी खटाई को कूट कर बनाया जाता है। आम की गुठलियों का पाउडर भी आयुर्वेद में हृदय रोग को ठीक करने में उपयोग किया जाता है। बालों तथा त्वाच से जुड़ी समस्याओं में भी फायदेमंद होता है।आमचूर पाउडर का मानव स्वास्थ्य में बहुत बड़ा योगदान होता है यह पाचन तंत्र को मजबूत करने, खून में शर्करा की मात्रा को कम करने और कैंसर से बचाव करता है। इस पाउडर में प्रचुर मात्रा में विटामिन ए,सी, डी, बी6 और बीटा कैरोटीन पाए जाते हैं। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में उपयोगी है साथ ही एनीमिया के उपचार में भी फायदेमंद साबित हो सकता है। ताजे कच्चे आम की चटनी को सहजन के पत्तों से बने पकोड़े के साथ रोजाना सुबह नाश्ते में उपयोग किए जाने से एनीमिया की समस्या को कम किया जा सकता है। आमचूर पाउडर का मूल्य 850 रुपए प्रति किलो से 1200रुपए प्रति किलो के हिसाब से बाजार में उपलब्ध है।

## दहेज हत्या में एक और बेटी बली चढ़ी

चाणक्य भूमि

शिकारपुर थाना क्षेत्र के महुअवा गांव में रविवार की देर शाम विवाहिता का शव उसके घर में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सोमवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान महुअवा गांव निवासी सुजीत साह के 21 वर्षीय पत्नी अंतिमा कुमारी के रूप में की गयी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मृतक की मां के शिकायत पर मृतक के पति सुजीत साह, ससुर महेन्द्र साह समेत सात लोगो पर एफआईआर दर्ज की गयी है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपित घर छोड़ फरार हैं। दर्ज एफआईआर में लौरिया थाना के लिपनी गांव निवासी मृतक की मां मिथलावती देवी ने बताया है कि उसकी बेटी की शादी एक जून 2023 को महुअवा गांव निवासी सुजीत साह से हुई थी।अपने हैसियत के हिसाब से उसने दहेज में उपहार दिया था। बीते 16 जनवरी को जब उसकी बेटी गौना के बाद अपने ससुराल गई तो चार-पांच दिन बाद दहजे में वाशिंग मशीन और दो लाख रुपए की मांग ससुराल वालों ने करने लगे।

## केविके माधोपुर में सम्मान समारोह का आयोजन

### • चनपटिया,नरकटियागंज, योगापट्टी व रामनगर के किसान हुए सम्मानित

चाण्क्य भूमि(कनकलता)




कुलपति नेकिसानों को किया सम्मानित

**बेतिया**।सोमबार को बदलते जलवायु परिदृश्य में प्राकृतिक खेती और इसके महत्व" विषय पर आ योजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले चार कृषकों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीएस पाण्डेय ने सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों को भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले कृषकों में योगापट्टी प्रखंड के अनूप कुमार, नरकटियागंज प्रखंड के दीपेन्द्र दूबे, रामनगर प्रखंड के बच्चा सिंह तथा चनपटिया प्रखंड के बीरेंद्र यादव शामिल रहे। कुलपति ने कृषकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की तथा उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामना दिया । उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया । कार्यशाला में पूरे भारत के विभिन्न प्रांतों व विश्वविद्यालयों से आए कुलपति, वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक भी उपस्थित थे। सम्मानित हुए कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र, नरकटियागंज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ आर पी सिंह, डॉ धीरु तिवारी, डॉ चेलपुरी रामुलु, डॉ जगपाल एवं डॉ रीता देवीने बधाई दी।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714